>

Title: Need to run express trains on Sadulpur (Rajasthan) - Hissar (Haryana) and Sadulpur-Delhi rail routes -laid.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): महोदय, उत्तर-पश्चिम रेलवे के रेवाड़ी से सादुलपुर, सादुलपुर-हिसार रेल लाइन के आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हुए काफी समय हो गया है। मात्र सादुलपुर से रेवाड़ी तक दो पैसेंजर गाड़ियां अभी तक चलाई गई हैं। यह एक महत्वपूर्ण रेल लाईन है। काफी समय से यात्री गाड़ियों के अभाव में परेशानी का सामना कर रहे हैं।

अतः मेरा निवेदन है कि सादुलपुर-हिसार, सादुलपुर से दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी शीघ्रताशीघ्र चलाई जाये, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके।